सारांश

न्यूज़ीलैंडवासियों के साथ मिलकर सशक्त शिक्षा प्रणाली का गठन

नेशनल एजूकेशन एन्ड लर्निंग प्रायोरटीज़ (राष्ट्रीय शिक्षा एवं अध्ययन प्राथमिकताएं) और टर्शरी एजूकेशन स्ट्रेटजी (तृतीय शिक्षा कार्यनीति) के प्रारूप (ड्राफ्ट) पर परामर्श

न्यूज़ीलैंडवासी होने के नाते, हमारी शिक्षा प्रणाली में ऐसा बहुत कुछ है जिस पर हम गर्व कर सकते हैं। आम तौर पर, हमारे विद्यार्थी शैक्षिक सफलता के अंतर्राष्ट्रीय मानक की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, और हमारे विद्यार्थी और शिक्षक दुनिया में किसी से भी कम नहीं है। हमारा माओरी-माध्यम शिक्षा क्षेत्र स्वदेशी शिक्षा में दुनिया में सबसे आगे है, और इसने माओरी भाषा और टिकांगा माओरी (माओरी संस्कारों) के पुनरुद्धार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हमने एजूकेशन कन्वरसेशन (शिक्षा के बारे में बातचीत) | Kōrero Mātauranga, शिक्षा शिखर सम्मेलनों, और नियोजित बात-चीत के माध्यम से न्यूज़ीलैंडवासियों से सुना है कि भलाई, इक्विटी (समानता) और समावेश विद्यार्थियों / ākonga और उनके परिवार तथा whānau के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, परन्तु हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली हर किसी को यह प्रदान नहीं कर रही है।

एजूकेशन वर्क प्रोग्राम (शिक्षा कार्य कार्यक्रम) और एजूकेशन कन्वरसेशन (शिक्षा वार्तालाप) | Kōrero Mātauranga

इस सरकार ने पूरी शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन का एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया है ताकि यह सभी न्यूज़ीलैंडवासियों के लिए बेहतर जीवन में सहायता कर सके। पहली बार, हम शिक्षा प्रणाली के लिए दिशा निर्धारित करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपना रहे हैं, अर्ली चाइल्डहुड (बचपन) प्रदाताओं से लेकर अनिवार्य स्कूली शिक्षा क्षेत्र, टर्शरी एजूकेशन (तृतीयक शिक्षा) और प्रशिक्षण तक।

2018 की शुरुआत में, विद्यार्थियों/ ākonga, माता-पिता, नियोक्ताओं, ईवी, समुदायों, शिक्षकों और सरकार ने इस बारे में बात करना शुरू कर दिया था कि शिक्षा से न्यूज़ीलैंड को भविष्य में अभी और क्या चाहिए, और ऐसा कैसे किया जा सकता है।

हमने पहले से ही निम्नलिखित कार्यनीतियों को लागू करके शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन करना शुरू कर दिया है:

- Ka Hikitia – माओरी शिक्षा कार्यनीति
- शिक्षा वर्कफोर्स (कार्यबल) कार्यनीति
- इंटरनेशनल एजूकेशन स्ट्रेटजी (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा कार्यनीति)
- He taonga te tamaiti | हर बालक एक धरोहर है - आरंभिक अध्ययन के लिए स्ट्रेटीजिक प्लान
- पैसीफिक शिक्षा कार्य योजना
- The Tomorrow's Schools (कल के स्कूलों) की समीक्षा
- वोकेशनल एजूकेशन (व्यावसायिक शिक्षा) में सुधार

शिक्षा के लिए विज़न (दूरदर्शिता):

सरकार ने न्यूज़ीलैंड में शिक्षा के लिए एक 30 वर्ष के स्थायी दृष्टिकोण को विकसित करने पर सहमति दे दी है। गार्डियन्स ऑफ दी एजूकेशन (शिक्षा वार्तालाप के संरक्षकों) ने Kōrero Mātauranga के माध्यम से इकट्ठा किए सबूतों पर आधारित निम्नलिखित दूरदर्शी नज़रिया विकसित किया है,जो इसका प्रतीक है कि न्यूज़ीलैंडवासी हमारी शिक्षा प्रणाली में क्या देखना चाहते हैं:

Whakamaua te pae tata kia tina – अपनी क्षमता पर पकड़ बनाएं, ताकि यह आपकी वास्तविकता बन जाए...

हम उन खोजकर्ताओं, अन्वेषकों और नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स) के वंशज हैं जिन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग दूर के क्षितिज को पार करने के लिए किया था। हमारा अध्ययन समावेशी, समान और जुड़ा हुआ होगा ताकि हम अपने लोगों और उनके भविष्य की यात्राओं और परिस्थितियों के लिए उन्नति और विकास करें।

Whaia te pae tawhiti kia tata – क्षितिज के पार खोज करें और इसे अपने समीप लाएं!

यह दूरदर्शी नज़रिया शिक्षा के लिए न्यूज़ीलैंडवासियों की आकांक्षाओं में समाया है - हर न्यूज़ीलैंडवासी को सीखने और विशिष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए, उनके whānau और समुदायों की फलने-फूलने में मदद करने के लिए, और एक लाभकारी एवं टिकाऊ अर्थव्यवस्था तथा एक उदार और ध्यान रखने वाले समाज का निर्माण करना।

नेशनल एजूकेशन एन्ड लर्निंग प्रायोरटीज़ (राष्ट्रीय शिक्षा एवं अध्ययन प्राथमिकताएं) और टर्शरी एजूकेशन स्ट्रेटजी (तृतीय शिक्षा कार्यनीति) का कथन क्या है?

राष्ट्रीय शिक्षा और अध्ययन प्राथमिकताओं (NELP) और तृतीय शिक्षा कार्यनीति (TES), बचपन से लेकर तृतीयक शिक्षा और प्रशिक्षण तक, शिक्षा के स्थानों में अभ्यास के लिए प्राथमिकताओं का एक सेट (समूह) है। NELP और TES शिक्षा अधिनियम 1989 द्वारा सक्षम बनाए गए कानूनी दस्तावेज हैं, और शिक्षा में भलाई, समानता और समावेशन में सुधार करने के लिए अध्ययन के स्थानों से सरकार की अपेक्षाओं को व्यक्त करते हैं।

प्रारंभिक शिक्षा और अनिवार्य शिक्षा क्षेत्रों में शासन पदों पर नियुक्त लोगों में NELP प्राथमिकताओं के प्रति सम्मान होना चाहिए। टर्शरी एजूकेशन कमीशन (तृतीय शिक्षा आयोग) को TES को अवश्य प्रभावी करना चाहिए और न्यूज़ीलैंड क्वालिफिकेशन ऑथारिटी (योग्यता प्राधिकरण) को इसे अवश्य मान्यता देनी चाहिए। टर्शरी एजूकेशन ऑरगेनाइजेशन्स (तृतीयक शिक्षा संगठनों) को यह दर्शाना चाहिए कि वे अपनी निवेश योजनाओं के माध्यम से TES में निर्धारित प्राथमिकताओं को प्राप्त करने में कैसे योगदान देंगे।

NELP और TES का यह ड्रॉफ्ट (मसौदा) शिक्षा वार्तालाप | Kōrero Mātauranga, के माध्यम से सुने गए संदेश, और बच्चों तथा युवाओं एवं तृतीयक शिक्षा स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) के साथ नियोजित रूप से कार्यरत होने पर आधारित है।

इस तरह कार्यरत होने के अलावा, ड्रॉफ्ट NELP और TES को हमारी शिक्षा प्रणाली के प्रदर्शन के बारे में सबूतों द्वारा इसे सूचित करते हैं, और प्रदाता और शिक्षक क्या कर सकते हैं जिससे विद्यार्थियों/ākonga और उनके परिवारों तथा whānau पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

शिक्षा के लिए उद्देश्य

2018 की शुरुआत में सरकार ने एजुकेशन वर्क प्रोग्राम (शिक्षा कार्य कार्यक्रम) के लिए अपने उद्देश्य निर्धारित किए - इन्हें इस बात को शामिल करने के लिए (अद्यतन)अपडेट किया गया है कि न्यूज़ीलैंड के लोगों ने हमें जो बताया वह उनके लिए महत्वपूर्ण था।

शिक्षा के उद्देश्यों ने NELP और TES के लिए संदर्भ निर्धारित किया है, और उन चीजों को रेखांकित किया है जिन पर सरकार शिक्षा प्रणाली में परिणामों और भलाई में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उद्देश्य एक: विद्यार्थी केन्द्र में हैं –विद्यार्थी उनके whānau के साथ शिक्षा के केंद्र में हैं

» भलाई मूलभूत रूप से अध्ययन के साथ जुड़ी हुई है।
» प्रत्येक विद्यार्थी/ākonga और उनके परिवार और whānau को सभी तरह की बदमाशी, नस्लवाद और उत्पीड़न के सभी रूपों से मुक्त होना चाहिए।
» विद्यार्थियों/ākonga, whānau, परिवारों और उनके समुदायों से विचार मांगे जाने चाहिए और सुने जाने चाहिए।

उद्देश्य दो: बैरियर (बाधा) मुक्त पहुँच – अच्छी शिक्षा के अवसर और परिणाम हर विद्यार्थी की पहुँच में हैं

» शिक्षा सभी को उपलब्ध होनी, और प्रदान की जानी चाहिए। आर्थिक और शारीरिक बाधाओं सहित शिक्षा में पूरी तरह से भाग लेने से विद्यार्थियों/ ākonga को रोकने वाली बाधाओं को कम करने की जरूरत है, ताकि सभी विद्यार्थियों/ ākonga को समान अवसर और परिणाम उपलब्ध हों।

उद्देश्य तीन: क्वालिटी (गुणवत्ता) शिक्षण और नेतृत्व – गुणवत्ता शिक्षण और नेतृत्व विद्यार्थियों और उनके whānau के लिए फर्क लाता है

» हमें उन प्रथाओं को अपनाने के लिए विविध, अधिक कुशल और प्रेरित शिक्षकों/ kaiako की आवश्यकता है जिनसे विद्यार्थियों/ākonga के लिए सबसे सकारात्मक फर्क पड़ता है।
» सकारात्मक परिवर्तन और अच्छे स्तर के दिन-प्रतिदिन अध्ययन को आगे बढ़ाने का नेतृत्व करने के लिए प्रणाली के सभी स्तरों पर गुणवत्ता नेतृत्व का विकास किया जाना चाहिए।

उद्देश्य चार: अध्ययन और काम का भविष्य – ऐसा अध्ययन जो न्यूज़ीलैंडवासियों के वर्तमान और जीवन भर के लिए प्रासंगिक है।

» विद्यार्थियों/ ākonga के लिए ऐसी शिक्षा उपलब्ध होनी जरूरी है जो उन्हें भावी काम या नौकरी के बदलते अवसरों और चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाती है। नागरिकता, रोजगार के रास्ते, और आजीवन अध्ययन इस के महत्वपूर्ण हिस्से हैं।
» माओरी विद्यार्थियों के लिए, इसका मतलब है te ao Māori में, न्यूज़ीलैंड समाज और वैश्विक संदर्भ में भाग लेने के लिए कुशलता प्राप्त करना।

उद्देश्य पांच: विश्व स्तर की इन्क्लुसिव (समावेशी) सार्वजनिक शिक्षा – न्यूज़ीलैंड की शिक्षा भरोसेमंद और स्थायी (टिकाऊ) है

» शिक्षा प्रणाली को उच्च भरोसेमंद, बदलने के लिए तैयार और सारे विद्यार्थियों/ākonga की जरूरतों और हमारी बदलती दुनिया के उपयुक्त होना जरूरी है। न्यूज़ीलैंड की शिक्षा और शोध को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो, और यह माओरी-क्राउन (सरकार) की प्रभावी भागीदारी को बढ़ावा दे।
» शिक्षा प्रणाली को tino rangatiranga को भी प्रतिबिंबित करने की जरूरत है - माओरी लोगों के लिए उनकी शिक्षा पर आत्म-निर्णय लेने की क्षमता और माओरी के नेतृत्व में स्थानीय समाधान खोजने के लिए उन्हें सशक्त किया जाना चाहिए।

स्टेटमेंट ऑफ नेशनल एजूकेशन एन्ड लर्निंग प्रायोरीटिज़ (राष्ट्रीय शिक्षा और अध्ययन प्राथमिकता का विवरण)

NELP में सरकार की प्रारंभिक शिक्षा और अनिवार्य स्कूली क्षेत्रों में शिक्षा की प्राथमिकताओं को व्यक्त किया गया है। NELP प्राथमिकताओं से उन लोगों को मदद मिलेगी जो स्कूलों, कुरा, प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं और ngā kōhanga reo को नियंत्रित करते हैं, जो अपने दिन-प्रतिदिन के काम में विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डालने वाली चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज़ और प्रारंभिक बाल शिक्षा केन्द्रों के अध्ययन केन्द्र लाइसेंस धारकों सहित जो गवर्नेंस के पदों पर है, वे NELP को लागू करने के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हैं।

कृपया ध्यान दें: प्रस्तावित प्राथमिकताओं को महत्व या वरीयताओं के क्रम में सूचीबद्ध नहीं किया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा और अध्ययन की प्राथमिकताओं का विवरण - प्रस्तावित प्राथमिकताएं:	
शिक्षा के प्रत्येक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, प्रारंभिक अध्ययन सेवाओं और स्कूलों को ऐसा अवश्य करना होगा:	
उद्देश्य एक: विद्यार्थी केन्द्र में हैं – विद्यार्थी उनके whānau के साथ शिक्षा के केंद्र में हैं	
1	**सुनिश्चित करें कि हर विद्यार्थी/ākonga स्वयं को सुरक्षित, सराहनीय जो वे जो हैं उन्हे उसी रूप में स्वीकार किया गया महसूस करें, जिसमें उनकी पहचान, भाषा और संस्कृति, और अध्ययन की जरूरतें शामिल हैं।**
2	**प्रत्येक विद्यार्थी के अध्ययन और उपलब्धि के लिए भागीदारों के रूप में परिवार और whānau को शामिल करें।**
उद्देश्य दो: बैरियर (बाधा) मुक्त पहुँच – अच्छी शिक्षा के अवसर और परिणाम हर विद्यार्थी की पहुँच में हैं	
3	**हर विद्यार्थी/ākonga के लिए ऊँची अपेक्षाएं रखें और पाठ्यक्रम भर में पहुँच को सीमित करने वाली प्रथाओं को खत्म करें।**
4	**अध्ययन के स्थानों में, उसके भीतर और उसके बाहर सफल ट्रांज़िशन (संक्रमण या परिवर्तन) का समर्थन करें।**
5	**सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों/ākonga और उनके whānau के लिए आर्थिक और अन्य बाधाएं शिक्षण, अध्ययन और आरंभिक अध्ययन सेवा या स्कूल के जीवन में हिस्सा लेने के लिए निष्पक्ष पहुँच में रुकावट नहीं डाल सकें।**
उद्देश्य तीन: क्वालिटी (गुणवत्ता) शिक्षण और नेतृत्व – गुणवत्ता शिक्षण और नेतृत्व विद्यार्थियों और उनके whānau के लिए फर्क लाता है	
6	**शिक्षण और नेतृत्व को मजबूत बनाने और प्रणाली भर में एक मजबूत व्यवसाय में योगदान देने के लिए अपने कार्यबल को बढ़ाएँ।**
7	**अध्ययन की जगह की रोजमर्रा की जिंदगी में माओरी भाषा और माओरी संस्कारों को शामिल करें।**
उद्देश्य चार: अध्ययन और काम का भविष्य – ऐसा अध्ययन जो न्यूज़ीलैंडवासियों के वर्तमान और जीवन भर के लिए प्रासंगिक है।	
8	**सुनिश्चित करें कि वे ऐसी शिक्षा पेश करते हैं जो विद्यार्थियों/ākonga को न्यूज़ीलैंड की सांस्कृतिक पहचान और हमारे इतिहास की समझ से समर्थ बनाती है।**
उद्देश्य पांच: विश्व स्तर की इन्क्लुसिव (समावेशी) सार्वजनिक शिक्षा – न्यूज़ीलैंड शिक्षा भरोसेमंद और स्थायी (टिकाऊ) है	
9	**आकांक्षाओं और युक्तिपूर्ण दिशा की सेटिंग के साथ संरेखित करने के लिए अपनी स्थानीय iwi और hapū तथा समुदायों के साथ संबंधों का विकास करना।**

द टर्शरी एजूकेशन स्ट्रेटजी (तृतीय शिक्षा कार्यनीति):

TES तृतीय शिक्षा प्रणाली के लिए सरकार की दीर्घकालिक युक्तिपूर्ण दिशा और प्राथमिकताएं निर्धारित करता है। टर्शरी एजूकेशन कमीशन (तृतीय शिक्षा आयोग) को TES को अवश्य प्रभावी करना चाहिए और न्यूज़ीलैंड क्वालिफिकेशन ऑथारिटी (योग्यता प्राधिकरण) को इसे अवश्य मान्यता देनी चाहिए।टर्शरी एजूकेशन ऑरगेनाइजेशन्स (तृतीय शिक्षा संगठनों) को यह दर्शाना चाहिए कि वे अपनी निवेश योजनाओं के माध्यम से TES में निर्धारित प्राथमिकताओं को प्राप्त करने में कैसे योगदान देंगे।

ड्रॉफ्ट TES में दी गई 13 प्रस्तावित प्राथमिकताओं का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों के लिए, विशेष रूप से माओरी और पैसीफिक विद्यार्थियों और उन लोगों के लिए जिन्हें अध्ययन में सहायता की जरूरत है, जो वर्तमान में तृतीयक शिक्षा से वंचित हैं, उनके साथ परिणामों की समानता सुनिश्चित करना है। प्राथमिकताएं यह भी सुनिश्चित करना चाहती हैं कि सैक्टर (क्षेत्र) काम की बदलती प्रकृति के लिए तैयार हों, और यह स्पष्ट और प्रभावी कैरियर पाथ (व्यावसायिक मार्ग) और जीवन भर सीखने के अवसरों को सक्षम बनाता है।

कृपया ध्यान दें: प्रस्तावित प्राथमिकताओं को महत्व या वरीयताओं के क्रम में सूचीबद्ध नहीं किया गया है।

दी टर्शरी एजूकेशन स्ट्रेटजी (तृतीय शिक्षा कार्यनीति) – प्रस्तावित प्राथमिकताएं:	
शिक्षा के प्रत्येक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, तृतीय शिक्षा को चाहिए:	
उद्देश्य एक: विद्यार्थी केन्द्र में हैं – विद्यार्थी उनके whānau के साथ शिक्षा के केंद्र में हैं	
1	**सुनिश्चित करें कि टर्शरी वातावरण सुरक्षित, समावेशी और उत्तरदायी हैं।**
उद्देश्य दो: बैरियर (बाधा) मुक्त पहुँच – अच्छी शिक्षा के अवसर और परिणाम हर विद्यार्थी की पहुँच में हैं	
2	**विद्यार्थियों/ākonga की जरूरतों और आकांक्षाओं को समझें और उन्हें मान्यता दें।**
3	**विद्यार्थियों/ākonga को उनके सपनों या आकांक्षाओं को प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए स्पष्ट और समर्थित रास्तों का विकास करें।**
4	**आजीवन अध्ययन को सक्षम बनाने के लिए विस्तृत प्रकार के शिक्षा विकल्प और डिलीवरी मॉडल तैयार करें।**
उद्देश्य तीन: क्वालिटी (गुणवत्ता) शिक्षण और नेतृत्व – गुणवत्ता शिक्षण और नेतृत्व विद्यार्थियों और उनके whānau के लिए फर्क लाता है	
5	**आजीवन अध्ययन को सक्षम करने के लिए शिक्षा के विकल्प और वितरण मॉडल की एक विस्तृत श्रृंखला बनाएँ।**
6	**अध्ययन की जगह की रोजमर्रा की जिंदगी में माओरी भाषा और माओरी संस्कारों को शामिल करें।**
7	**सांस्कृतिक और व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी शिक्षा और अध्ययन प्रदान करें।**
उद्देश्य चार: अध्ययन और काम का भविष्य – ऐसा अध्ययन जो न्यूज़ीलैंडवासियों के वर्तमान और जीवन भर के लिए प्रासंगिक है।	
8	**शिक्षण और अध्ययन के फोकस (ध्यान) को अधिक दृढ़ता से कार्यस्थलों की ओर ले जाएं।**
9	**हम काम की बदलती प्रकृति के बारे में जो पढ़ाते और सीखते हैं उस पर पुनर्विचार करें।**
10	**समर्थ करियर गाइडेंस (आजीविका मार्गदर्शन) और जानकारी प्रदान करें।**
11	**वर्तमान कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाने के लिए सहयोग से काम करने के लिए TEO और नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करें।**
उद्देश्य पांच: विश्व स्तर की इन्क्लुसिव (समावेशी) सार्वजनिक शिक्षा – न्यूज़ीलैंड शिक्षा भरोसेमंद और स्थायी (टिकाऊ) है	
12	**हमारी अद्वितीय राष्ट्रीय पहचान को जानें और उसका आदर करें।**
13	**न्यूज़ीलैंड की भलाई के लिए शोध के योगदान में वृद्धि करना।**

हम जानना चाहते हैं कि आप क्या सोचते हैं

हमने एजूकेशन कन्वरसेशन (शिक्षा बातचीत)| Kōrero Mātauranga के माध्यम से आप से पूछताछ की थी कि आपके विचार में शिक्षा प्रणाली के लिए क्या प्राथमिकताएं होनी चाहिए। प्रणाली कैसे काम कर रही है इसके सबूत सहित आपकी टिप्पणियों ने प्राथमिकताओं के विकास को सूचित किया है।

हम अब यह जाँच करना चाहते हैं कि हमने प्रस्तावित NELP और TES प्राथमिकताओं में आपके विचारों और चिंताओं को निष्पक्ष रूप से प्रतिबिम्बित किया है। कृपया ध्यान दें कि हम शिक्षा के लिए दूरदृष्टिता या उद्देश्यों के बारे में परामर्श नहीं कर रहे हैं।

NELP और TES पर परामर्श शुरू हो गया है, और यह TES के लिए अक्तूबर के अंत में, तथा NELP के लिए नवम्बर के अंत में बन्द हो जाएगा। आप ऑनलाइन सर्वे, प्रस्तुतियों, सोशल मीडिया, और नियोजित फेस-टू-फेस (आमने-सामने) परामर्श के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया प्रदान कर सकते हैं।

Kōrero Mātauranga

Me kōrero tātou

Have your say about the future of education.

Join the conversation at conversation.education.govt.nz

#EdConvo

सर्वे के लिए लिंक

NELP और TES प्राथमिकताओं पर ऑनलाइन सर्वे आपके पूरा करने के लिए यहां उपलब्ध हैं: https://conversation.education.govt.nz/conversations/shaping-a-stronger-education-system-for-all/

सबमिशन (प्रस्तुतियों) पर विवरण

हम प्राथमिकताओं पर प्रस्तुतियों का स्वागत करते हैं, जिन्हें: NELP.TES@education.govt.nz को ईमेल किया जा सकता है।

अधिक जानकारी चाहिए?

NELP पर अधिक जानकारी के लिए लिंक

NELP प्राथमिकताओं को सूचित करने के लिए विकसित किया गया सबूत का मसौदा यहाँ पाया जा सकता है: https://conversation.education.govt.nz/conversations/national-education-and-learning-priorities/evidence-briefs/

बच्चों को सोने की तरह मूल्यवान समझें, बच्चों और युवा लोगों के साथ 2018 नियोजित बातचीत का सारांश, भी यहाँ उपलब्ध है: https://conversation.education.govt.nz/conversations/national-education-and-learning-priorities/what-you-told-us/

TES पर अधिक जानकारी के लिए लिंक

बातचीत की रिपोर्ट, विचार-विमर्श के दस्तावेज़ और सबूतों के संक्षिप्त विवरण को यहां वेबसाइट पर देखें: https://conversation.education.govt.nz/conversations/tertiary-education-strategy/

प्रश्न?

अगर आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं तो कृपया:NELP.TES@education.govt.nz से सम्पर्क करें।